**राजेश कुमार, भा.प्र.से., आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया की अध्यक्षता में दिनांक 08.01.2026 को विकास एवं कल्याणकारी विभागों से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक की कार्यवाही :-**

उपस्थिति :- पंजी के अनुसार।

सर्वप्रथम आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया द्वारा बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात विभागवार विकासात्मक कार्यों के समीक्षोपरांत निम्नाकित निदेश दिये गये :-

## खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित जिलावार कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत निम्नांकित निदेश दिये गये :-

- जिलों में लक्षित जन वितरण प्रणाली के दुकानों की रिक्ति का रोस्टर तैयार कर सक्षम प्राधिकार से अनुमोदन कराते हुए विभागीय निदेशों के आलोक में यथाशीघ्र उक्त रिक्तियों को भरने हेतु आवश्यक कार्रवाई किया जाय।
- राशन कार्ड निर्माण एवं रद्दीकरण हेतु प्राप्त आवेदनों को निर्धारित समय-सीमा में जाँच कर निष्पादित कराना सुनिश्चित किया जाय।
- सत्यापन हेतु लंबित Suspected लाभुकों के राशन कार्ड का यथाशीघ्र अभियान चलाकर सत्यापन कराया जाय। अयोग्य राशन कार्ड को नियमानुसार समयवद्ध रूप से रद्द करने की कार्रवाई की जाय।

**लाभार्थी का e-kyc**

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | कुल लाभार्थी की संख्या | पूर्ण की गई e-kyc की संख्या | लंबित e-kyc की संख्या | e-kyc का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णिया | 2836548 | 2246136 | 590412 | 79.19 |
| 2 | कटिहार | 2972324 | 2276215 | 696109 | 76.58 |
| 3 | अररिया | 2667209 | 1997070 | 670139 | 74.87 |
| 4 | किशनगंज | 1596028 | 1228737 | 367291 | 76.99 |

- समीक्षा के क्रम में पूर्णिया प्रमंडलान्तर्गत चारों जिलों में अबतक एक चौथाई लाभार्थी का **e-kyc** लंबित है। सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी को यथाशीघ्र सभी लाभार्थी का **e-kyc** करने का निदेश दिया गया। लंबित मामलों के सदर्भ में प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से शीघ्र जाँच कराया जाए। तथा अयोग्य राशन कार्ड को नियमानुसार समयवद्ध रूप से करने की कार्रवाई की जाय।
- PDS दुकानों का निरीक्षण में पाई गई अनियमितता के विरूद्ध कार्रवाई में शिथिलता बरते जाने का शिकायत प्राप्त हो रही है। संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी पिछले तीन माह में परख ऐप के माध्यम से PDS दुकानों का निरीक्षण में पाई गई अनियमितता के विरूद्ध कृत कार्रवाई से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध करायेंगे।

## सहकारिता विभाग

धान अधिप्राप्ति के कार्यो की समीक्षा की गई। धान अधिप्राप्ति की जिलवार स्थिति निम्नवत् है :-

मात्रा-एमटी0 में

| क्र0 | जिला का नाम | प्रस्तावित धान का लक्ष्य | अब तक कुल धान क्रय की मात्रा | लक्ष्य के विरूद्ध क्रय का प्रतिशत | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अररिया | 104202 | 36022.898 | 34.570 | |
| 2 | कटिहार | 92200 | 27161.049 | 29.459 | |
| 3 | किशनगंज | 77543 | 36097.096 | 46.551 | |
| 4 | पूर्णिया | 103388 | 40342.702 | 39.021 | |
| कुल योग :- | | 377333 | 139623.745 | 37.003 | |

- विभागीय लक्ष्य के अनुरूप किसानों से धान अधिप्राप्ति किया जाय तथा अधिप्राप्त धान के समानुपातिक CMR ससमय जमा कराना सुनिश्चित किया जाय। किसानों से क्रय किये गये धान का विभागीय नियमानुसार ससमय भुगतान करना सुनिश्चित करेंगे।

## ग्रामीण विकास विभाग

| Physical Progress Report of FY 2025-26 as on 01.02.2026 | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S.No. | District | Target | Sanction | Pending Sanction | 1st Installment Paid | 2nd Installment Paid | Pending 2nd Installment | 3rd Installment Paid | Houses Completed |
| 1 | Purnea | 10426 | 10411 | 15 | 9400 | 1212 | 8188 | 95 | 78 |
| 2 | Katihar | 5531 | 5125 | 406 | 4696 | 2191 | - | 106 | 46 |
| 3 | Araria | 54839 | 54838 | 1 | 50329 | 11765 | 38564 | 517 | 1611 |
| 4 | Kishanganj | 18292 | 18227 | 65 | 16892 | 6559 | 10333 | 427 | 598 |

- समीक्षा के क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कुल स्वीकृत योजनाओं के विरूद्ध बहुत से लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान नहीं किया गया है। जिस कारण लाभुक के स्तर से आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। उप विकास आयुक्त अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों के साथ समीक्षा कर यथाशीघ्र प्रथम किस्त के भुगतान की कार्रवाई करेंगे तथा जिन मामलों में अंतिम किस्त का भुगतान हो चुका है वैसे मामले की जाँच कर आवास निर्माण पूर्ण करवाने की कार्रवाई करेंगे।
- लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान योजना अंतर्गत जितने भी योजनाओं का चयन किया गया है उसका ससमय कार्य प्रारंभ कराया जाय।

  मनरेगा योजना के तहत मानव दिवस सृजन में विभागीय लक्ष्य को पूर्ण कराया जाय। साथ ही मनरेगा योजना के तहत किये जाने वाले कार्य यथा वृक्षारोपण, अमृत सरोवर योजना, खेल मैदान निर्माण, Rain Water Harvesting, सोख्ता निर्माण, मिट्टी भराई कार्य आदि में प्राक्कलन के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने तथा संवेदक द्वारा कराये जा रहे कार्यों का समय-समय पर जाँच किये जाने का निदेश दिया गया।

## कृषि विभाग

| PM-KISAN :: EKYC :: | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | District Name | Total Active Farmers | Total eKYC done | Total eKYC Done in % | Total eKYC pending | Total eKYC Pending in % | Total Aadhaar Authenticated, Land Seeding, PFMS Accepted and eKYC Done |
| 1 | ARARIA | 279,837 | 278,978 | 99.69 | 860 | 0.31 | 268190 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | KATIHAR | 215199 | 214725 | 99.78 | 474 | 0.17 | 208232 |
| 3 | KISHANGANJ | 107843 | 107829 | 99.99 | 14 | 0.00 | 1,04,416 |
| 4 | PURNIA | 203704 | 203698 | 100.00 | 6 | 0.00 | 199245 |

- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभुक किसानों का विभागीय निदेशों का अनुपालन करते हुए E-KYC करने का निदेश दिया गया। संबंधित पदाधिकारी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्राप्त आवेदनों की जाँचोपरांत निष्पादित करने का निदेश दिया गया।
- उर्वरकों की कालाबाजारी की शिकायतें प्राप्त होती रहती है जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी के स्तर से कार्रवाई अपेक्षित है। जिला कृषि पदाधिकारी अपने क्षेत्रान्तर्गत सभी अनुज्ञप्ति प्राप्त दुकानों की जाँच करायेंगे तथा जाँच में अनियमितता पाये जाने पर दोषी के विरूद्ध विधिसम्मत् कार्रवाई करेंगे।

**स्वास्थ्य विभाग**

- सभी सिविल सर्जन को सरकारी अस्पतालों एवं प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों में ईलाजरत मरीजों को दवाई की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु निदेशित किया गया।
- अवैध नर्सिंग होम/अवैध पैथॉलोजी/अवैध मेडिकल प्रैक्टिश्नर से संबंधित लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही है। सिविल सर्जन अभियान चलाकर ऐसे नर्सिंग होम/पैथॉलोजी/मेडिकल प्रैक्टिश्नर की जाँचकर दोषियों के विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करेंगे।

**शिक्षा विभाग**

- समीक्षा के क्रम में सभी विद्यालय में प्रबंध समिति की बैठक कराने का निदेश दिया गया तथा विद्यालय अनुरक्षण मद से भवन मरम्मति, साफ-सफाई, डेस्क-बैंच आदि की व्यवस्था करने का निदेश दिया गया।
- बैठक में उपस्थित सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को लाईव क्लासेस चलाने का निदेश दिया गया। साथ हीं शिक्षकों की उपलब्धता एवं उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया।

**पंचायती राज विभाग**

- निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवनों को अतिशीघ्र पूरा करने तथा पंचायत सरकार भवन हेतु जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी एवं अधीक्षण अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन को निदेशित किया गया।
- जिस पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, प्राक्कलन के अनुसार उसकी गुणवत्ता एवं विशिष्टि की जाँच करा लिया जाय। तदोपरांत नियमानुसार पंचायत सरकार भवन के हस्तांतरण की कार्रवाई किया जाय।
- समीक्षा के क्रम में कतिपय पंचायत सरकार भवन के उद्घाटन होने के पश्चात् भी उसका हस्तांतरण अभी तक संबंधित विभाग को नहीं करने का मामला संज्ञान में आया है। संबंधित जिला पंचायत राज पदाधिकारी तथा अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर हस्तांतरण की कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर लाईट योजना का लक्ष्य के विरूद्ध शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने हेतु सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी को निदेशित किया गया। इस योजना के तहत जो सोलर लाईट पूर्व में लगाई गई है उसके खराब होने की शिकायत होती रहती है। सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी को अपने स्तर से इसकी समीक्षा कर खराब सोलर लाईट को चिन्हित कर उसकी मरम्मति कराने हेतु निदेशित किया गया।

**नगर विकास एवं आवास विभाग**

- आपका शहर आपकी बात, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना, 7 निश्चय एवं 7 निश्चय-2 अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना तथा जल जीवन हरियाली योजना अंतर्गत सार्वजनिक तालाब/पोखर/

कुआँ का जीर्णोधार सहित कुओं एवं सार्वजनिक चापाकल के निकट सोख्ता का निर्माण का लक्ष्य के विरूद्ध शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने हेतु निदेश दिया गया।

- मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजनान्तर्गत निर्माणाधीन योजनाओं को समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण करने हेतु निदेश दिया गया।

**अभियंत्रण विभाग**

- सभी अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग/स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन/ग्रामीण कार्य विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/जल संसाधन विभाग को निर्धारित समय सीमा के अंदर निर्माणधीन योजनाओं को पूर्ण करने तथा तीन माह से अधिक विलंबित निर्माणाधीन योजनाओं की सूची उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त भू-अर्जन में भूमि उपलब्धता से संबंधित किसी प्रकार की समस्या से संबंधित जिलावार प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाय।

**पशु पालन एवं मत्स्य संसाधन विभाग**

- पशुओं के टीकाकरण कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार कराकर पशुपालकों के बीच जागरूकता हेतु पंचायत स्तर पर कैम्प लगाने का निदेश दिया गया ताकि अधिक से अधिक संख्या में पशुओं का टीकाकरण किया जा सके। इस संबंध में क्षेत्रीय पशुपालन पदाधिकारी अनुवर्ती कार्रवाई करेंगे।

**कल्याण विभाग**

- समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि पी0ओ0ए0 एक्ट के तहत काफी आरोप पत्र पुलिस अधीक्षक के स्तर से अप्राप्त है जो खेदजनक है। इसमें सबसे पुराने मामले का जल्द निष्पादन किया जाय तथा मुआवजा राशि का भुगतान किया जाय।
- PoA Act के तहत प्राप्त आरोप पत्र की संख्या शून्य करने निदेश दिया गया, साथ ही उप निदेशक, कल्याण पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को निदेश दिया गया कि इस संबंध में प्रमंडलार्न्तगत सभी जिला कल्याण, पदाधिकारी के साथ एक बैठक करेंगे।
- अनुसूचित जाति जनजाति आवासीय विद्यालय में भोजन एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।
- अररिया के अनुसूचित जाति जनजाति आवासीय विद्यालय में सोलर पैनल लगाने की व्यवस्था अगले महीने तक कर लेने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निदेश दिया गया।
- सभी आँगनबाड़ी केन्द्र का नियमित संचालन किया जाय तथा कुपोषित बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाय।
- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अन्तर्गत पेंशन स्वीकृति, भुगतान के संबंध में सकारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। साथ ही पेंशन हेतु अयोग्य आश्रित के मामले के जाँच करना सुनिश्चित करेंगे।
- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक नियमित रूप से किया जाय।
- आवासीय विद्यालय का निरीक्षण सभी स्तर के पदाधिकारी द्वारा नियमित रूप से किया जाय। साथ ही खाना और शौचालय पर विशेष ध्यान देना सुनिश्चित करेंगे।
- आवासीय विद्यालयों एवं छात्रवास में संसाधनों के संबंध में यथा सोलर पैनल अधिष्ठापन, जेनरेटर संचालन एवं Digital Class के सुचारू रूप से संचालन की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।
- सामुदायिक भवनों के निर्माण के संबंध में अविलंब कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

- आवासीय विद्यालयों में प्रयोगशाला, कम्प्यूटर एवं CCTV कैमरा के अधिष्ठापन एवं उसकी क्रियाशीलता के संबंध में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।
- विकास मित्रों का मानदेय/स्टेशनरी सामानों के भुगतान के संबंध में विभागीय निदेश के आलोक में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।
- आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका के चयन हेतु सभी रिक्तियों के विरूद्ध रोस्टर क्लियरेंस कर ससमय विभाग को भेजना सुनिश्चित किया जाय।
- विभागीय दिशा निदेश के आलोक में पोषाहार वितरण में विशेषकर अति कुपोषित बच्चों की स्थिति में सुधार लाना सुनिश्चित करें।
- महिला पर्यवेक्षिकाओं द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों की नियमित रूप से निरीक्षण का जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आई0सी0डी0एस0 सतत् अनुश्रवण करेंगे।

ह०/-
आयुक्त
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक 193 दिनांक 10-01-2026

प्रतिलिपि :- जिला पदाधिकारी, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- उप निदेशक, खाद्य/पंचायत राज/कल्याण/मत्स्य/क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन/क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवायें/संयुक्त निदेशक, शस्य/क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक/क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- नगर आयुक्त, नगर निगम, पूर्णिया/कटिहार/उप विकास आयुक्त/कार्यपालक पदाधिकारी, सभी नगर परिषद/सिविल सर्जन/जिला आपूर्ति पदाधिकारी/जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम/जिला पंचायत राज पदाधिकारी/जिला शिक्षा पदाधिकारी/ जिला कृषि पदाधिकारी/जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण/ग्रामीण कार्य विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन/जल संसाधन विभाग/पथ निर्माण विभाग, पूर्णिया प्रमंडलान्तर्गत को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

ह०/-
आयुक्त
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक 193 पूर्णिया, दिनांक 10-01-2026

प्रतिलिपि :- विकास आयुक्त, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि :- मुख्य सचिव, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

o/c

10/1/26.
आयुक्त
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।